PUNJAB KESARI, Panipat, 26.3.2025
Page No. 7, Size:(9.99)cms X (13.37)cms.

कोल इंडिया ने कोयले से कृत्रिम प्राकृतिक गैस कारोबार के लिए अनुषंगी बनाई

नई दिल्ली (प.स.): सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सी.आई.एल.) ने कोयले से कृत्रिम प्राकृतिक गैस (एस.एन.जी.) बनाने के कारोबार के लिए एक अनुषंगी कोल गैस इंडिया के गठन की घोषणा की। नवगठित कंपनी अध्ययन और उचित पड़ताल के बाद कृत्रिम गैस से तैयार अंतिम उत्पाद एस.एन.जी. या किसी अन्य उत्पाद का उपयोग करेगी।

सी.आई.एल. ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अनुषंगी कंपनी आवश्यक संयंत्रों की स्थापना, निजी उपभोग वाले कोयला खनन, कोयला उपकरण और बुनियादी ढांचा सुविधाओं का आयात भी करेगी। पिछले साल कोल इंडिया लिमिटेड और गेल के बीच कोयले से कृत्रिम प्राकृतिक गैस बनाने का कारोबार शुरू करने के लिए एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। कोयला मंत्रालय ने पिछले साल सी.आई.एल.-गेल संयुक्त उद्यम के गठन के लिए दीपम और नीति आयोग की मंजूरी की जानकारी दी थी।

FINANCIAL EXPRESS, Delhi, 26.3.2025
Page No. 02, Size:(9.97)cms X (14.82)cms.

Coal India to start coal-to-synthetic natural gas business

STATE-OWNED COAL INDIA on Tuesday announced the incorporation of subsidiary Coal Gas India to set up coal-to-synthetic natural gas business. The company will utilise the end product, SNG, or any other product manufactured from synthetic gas. Last year, a joint venture agreement was signed between Coal India and GAIL to set up the coal-to-synthetic natural gas business.